भारत सरकार

**पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय**

**लोक सभा**

अतारांकित प्रश्न सं. 1028 जिसका उत्तर
शुक्रवार, 24 जुलाई, 2026/2 श्रावण, 1948 (शक) को दिया जाना है

**विझिंजम पत्तन की प्रगति**

**†1028. श्री शफी परम्बिल:**

क्या **पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विझिंजम अंतर्राष्टरीय गहरे पानी के बहुउद्देशीय समुद्री पत्तन परियोजना की भौतिक और वित्तीय प्रगति सहित वर्तमान स्थिति का ब्यौरा क्या है;

(ख) केंद्र सरकार, केरल सरकार और निजी रियायतग्राही द्वारा उक्त परियोजना पर क्रमशः कुल कितना व्यय किया गया है;

(ग) पूर्ण रूप से चालू होने पर इस पत्तन की अनुमानित वार्षिक कार्गो हैंडलिंग क्षमता, प्रत्याशित राजस्व आय और रोजगार की संभावनाओं का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार ने देश की ट्रांस-शिपमेंट क्षमता को बढ़ाने और विदेशी पत्तनों पर निर्भरता कम करने में इस पत्तन के आर्थिक और रणनीतिक महत्व का कोई मूल्यांकन किया है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ.) सरकार द्वारा विझिंजम पत्तन के इष्टतम उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए रेल, सड़क और लॉजिस्टिक्स कनेक्टिविटी में सुधार के लिए क्या उपाय किए गए हैं?

**उत्तर**
**पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री**
**(श्री सर्बानंद सोणोवाल)**

**(क) से (ङ):** विझिंजम अंतर्राष्ट्रीय गहरे पानी का बहुउद्देशीय समुद्री पत्तन, केरल सरकार के प्रशासनिक अधिकार क्षेत्र के तहत एक गैर-महापत्तन है और इसे सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के तहत विकसित किया गया है। केरल सरकार द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, विझिनजाम अंतर्राष्ट्रीय गहरे

पानी के बहुउद्देशीय समुद्री पत्तन का चरण-I पूरा कर लिया गया है और 03.12.2024 को वाणिज्यिक प्रचालन शुरू किया गया था।

भारत सरकार ने व्यवहार्यता अंतराल निधि के रूप में 817.80 करोड़ रुपये प्रदान किए हैं। केरल सरकार ने परियोजना के लिए 3,764.55 करोड़ रुपये का व्यय किया है। रियायत समझौता, चरण-1 के लिए निजी रियायतग्राही द्वारा ₹ 2,454 करोड़ रूपये के निवेश की परिकल्पना करता हैं।

पत्तन के चरण-1 में प्रति वर्ष 5.7 मिलियन टीईयू की अंतिम नियोजित क्षमता के साथ प्रति वर्ष लगभग 1.6 मिलियन टीईयू की प्रचालन क्षमता है। शुरुआत से, पत्तन ने 700 करोड़ रूपये से अधिक का राजस्व अर्जित किया है और प्रत्यक्ष रूप से पत्तन प्रचालन और रखरखाव में लगभग 800 कर्मचारी कार्यरत हैं।

विझिंजम अंतर्राष्ट्रीय समुद्री पत्तन, भारत का पहला समर्पित डीपवाटर अंतर्राष्ट्रीय कंटेनर ट्रांसशिपमेंट पत्तन है, जो लगभग 20 मीटर के प्राकृतिक डुबाव के साथ अंतर्राष्ट्रीय पूर्व-पश्चिम पोत परिवहन मार्ग से लगभग 10 समुद्री मील की दूरी पर सामरिक अवस्थित है, जो महत्वपूर्ण ड्रेजिंग के बिना इसे दुनिया का सबसे बड़े कंटेनर पोतों को हैंडल करने में सक्षम बनाता है।

केरल सरकार द्वारा दी गयी सूचना के अनुसार, विझिंजम पत्तन रेल संपर्कता परियोजना, जो बलरामपुर रेलवे स्टेशन पर राष्ट्रीय रेलवे नेटवर्क को पत्तन से जोड़ता हैं, को 1,482.92 करोड़ रूपये की अनुमानित लागत पर अनुमोदित किया हैं। एक्जिम कार्गो की आवाजाही में सहायता देने के लिए लॉजिस्टिक्स सुविधाएं स्थापित करने हेतु कंटेनर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (कॉनकोर) और केंद्रीय भंडारण निगम (सीडब्लूसी) के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) निष्पादित किए गए हैं।

*****